21 पद-परिचय

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- वाक्य में आए पदों के व्याकरणिक परिचय की जानकारी।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- पद किसे कहते हैं?
- राम घर जाता है – वाक्य में 'घर' क्या है?
  – 'जाता है' से किस व्याकरणिक कोटि का पता चलता है?
  – 'राम' शब्द का लिंग क्या है?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन करके एनिमेशन दिखाना।
- बताना–
  - किसी वाक्य में प्रयुक्त पदों का पूर्ण व्याकरणिक परिचय देना ही पद-परिचय कहलाता है।
  - पद-परिचय में वाक्य में आए संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक, विस्मयादिबोधक पदों के भेद, लिंग, वचन, कारक, क्रिया के साथ संबंध, पुरुष, विशेष्य, भाव आदि के बारे में बताया जाता है।
- बोर्ड पर कुछ वाक्य लिखकर उनमें आए पदों (संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया आदि) के बारे में पूछना/लिखना।
- मौखिक रूप से पद-परिचय पूछना।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।